पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने राजभवन में ध्वजारोहण किया

लखनऊः 15 अगस्त, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 76 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात राजभवन प्रांगण में ध्वजारोहण किया तथा सुरक्षा बलों की सलामी ली। इसके बाद राज्यपाल जी ने राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों व सुरक्षा बलों से स्वाधीनता दिवस की बधाई स्वीकार की।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने राष्ट्रपति पदक से सम्मानित मुख्य सुरक्षा अधिकारी, राजभवन श्री अजय कुमार त्रिपाठी को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बैच लगाकर सम्मानित किया।

ज्ञातव्य है कि श्री त्रिपाठी ने यू0एन0 पीस कीपींग मिशन में विभिन्न वर्षों में वर्ष 2002, 2008, 2011 एवं 2017 में कुल 04 बार भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जिसके फलस्वरूप उन्हें यू0एन0 का पीस मेडल व न्यूमरल एवं विदेश सेवा का मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया था।

इस मौके पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, विशेष सचिव श्री बी0एन0 सिंह सहित राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

———

राजभवन (59/59)